पूर्व मध्य रेल

कार्यालय
महाप्रबंधक / इंजीनियरिंग
हाजीपुर

सं–डब्लू–1 / 433 / 05 / तमुरिया /

दिनांक: 09 .08.2021

**आदरणीय श्री नितीश मिश्रा जी,**

विषयः–सकरी– निर्मली रेलखण्ड पर स्थित तमुरिया स्टेशन के उत्तर रेलवे के अधीन सम्पर्क सड़क के जीर्णोद्धार के संबंध में।

संदर्भः– सहा. उप महाप्रबंधक / पूमरे / हाजीपुर का पत्रांक–ईसीआर / एडीएम / पीजी / एमपीएमएलए / 89 / 21, दिनांक 20.07.2021 ((विषयांकित मद के सम्बंध में श्री नितीश मिश्रा, सदस्य, बिहार विधानसभा, द्वारा महाप्रबंधक / पूमरे / हाजीपुर को लिखा गया पत्रांक 171 / 2021 दिनांक–10.06.2021।

**महाशय,**

उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से ज्ञात हुआ कि आपने सकरी– निर्मली रेलखण्ड पर स्थित तमुरिया स्टेशन के उत्तर रेलवे के अधीन सम्पर्क सड़क के जीर्णोद्धार के सबंध में अनुरोध प्रस्ताव रेलवे को प्रेषित किया है।

इस सबंध में यह सूचित करना है कि तमुरिया स्टेशन के उत्तर रेलवे के अधीन सम्पर्क सड़क के जीर्णोद्धार हेतु समस्तीपुर मंडल द्वारा जिला प्रशासन से मनरेगा के तहत कराने लिए प्रयास किया जा रहा है। यदि जिला प्रशासन इस सड़क की मरम्मती मनरेगा के तहत करने में अपनी असमर्थता जाहिर करती है, तो इसे राजस्व निधी में प्रस्तावित करके स्वीकृत होने के उपरान्त कराया सकेगा।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(विनोद कुमार)
उप मुख्य इंजीनियर / सामान्य

श्री नितीश मिश्रा,
सदस्य, बिहार विधानसभा,
112, कौटिल्य नगर,
पटना–800014

**प्रतिलिपि**– सहा. उप महाप्रबंधक / पूमरे / हाजीपुर को संदर्भित पत्र के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

अंजली गोयल
महाप्रबंधक
Anjali Goyal
General Manager

पूर्व मध्य रेल
हाजीपुर- 844101
East Central Railway
Hajipur – 844101

Phone: + 91-6224-274728, Fax – 271513, 274738
E-mail: gm@ecr.railnet.gov.in

संख्याः ईसीआर / एडीएम / पीजी / एमपीएमएलए / 89 / 2021 दि0:– 28.07.2021

माननीय श्री नीतीश मिश्रा जी,

विषयः– सकरी–निर्मली रेलखण्ड पर स्थित तमुरिया स्टेशन के उत्तर रेलवे के अधीन सम्पर्क सडक के जीर्णोद्धार के संबंध में।

संदर्भः– आपका पत्रांक– 171/2021 दि0 10.06.2021

*****

उपरोक्त विषयांतर्गत आपका पत्र प्राप्त हुआ है। पत्र में वर्णित बिन्दुओं की जांच नियमानुसार की जायेगी ।
सादर प्रेषित ।

भवदीय

Digitally signed by ANJALI GOYAL
Date: 2021.07.28 10:30:57 +05'30'

(अंजली गोयल)

श्री नीतीश मिश्रा
माननीय सदस्य, बिहार विधान सभा
112, कौटिल्य नगर
पटना–- 800014

**नीतीश मिश्रा**
**पूर्व मंत्री**
बिहार सरकार

**सदस्य**
बिहार विधान सभा

**Ref: 171/2021**
**Dt-10-6-2021**

**महाप्रबन्धक,**
**पूर्व मध्य रेल,**
**हाजीपुर।**

विषयः– **सकरी–निर्मली रेलखंड पर स्थित तमुरिया स्टेशन के उत्तर रेलवे के अधीन सम्पर्क सड़क के जीर्णोद्धार के संबंध में।**

महाशय,

पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर रेल मंडल के अधीन सकरी–निर्मली रेलखंड पर स्थित तमुरिया रेलवे स्टेशन के उत्तर सम्पर्क सड़क रेलवे के अधीन है। यह सम्पर्क सड़क यात्रियों के साथ–साथ हजारों लोगों के आवागमन का एकमात्र साधन है, जो जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है, साथ ही सड़क पर हर समय जल–जमाव की स्थिति बनी रहती है, जिससे यात्रियों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। इस सड़क पर होने वाले जल–जमाव के निदान हेतु इसका जीर्णोद्धार कराना जनहित में आवश्यक है। रेलवे की जमीन होने के कारण सड़क दूसरे माध्यम से बनना मुश्किल है।

अतः अनुरोध है कि तमुरिया रेलवे स्टेशन के उत्तर सम्पर्क पथ का जीर्णोद्धार कराने हेतु कार्रवाई करना चाहेंगे।

**शुभकामनाओं के साथ,**

भवदीय

Nitish Mishra
**(नीतीश मिश्रा)** 10.6.21

**संलग्न–यथोक्त।**

112, कौटिल्य नगर, पटना-800014